पत्र संख्या-स्था-1-परिपत्र 2020-21/ 3855 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः दिनांकः 08 मार्च, 2022

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर उ0प्र0।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर/ डिप्टी कमिश्नर/
असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
समस्त संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सांख्यिकीय अधिकारी/
एवं अपर सांख्यकीय अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया मुख्यालय के परिपत्र संख्या-3502 दिनांक 01-02-2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आप सभी को अपना वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 से सम्बन्धित वार्षिक कार्यविवरण ऑनलाइन अपलोड करने हेतु ई0एम0आई0एस0 पोर्टल दिनांक 30-03-2022 तक पुनः खोला गया है तदक्रम में वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 हेतु प्रतिवेदक / समीक्षक स्तर का मन्तव्य प्रत्येक दशा में प्राप्त किये जाने हेतु ऐसी समस्त प्रविष्टियां जो कि बिना प्रतिवेदक / समीक्षक मन्तव्य के Auto Forward हुई हो को पुनः रिवर्ट किये जाने का निर्णय भी लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कतिपय अधिकारियों द्वारा अभी तक अपना उक्त वर्षो से सम्बन्धित कार्यविवरण ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया तथा अपने अधीनस्थ रहें अधिकारियों की प्रविष्टियां भी अंकित नहीं की गयी है, जो कि कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा पूर्व में जारी किये गए परिपत्रों की अवेंहलना है, जिसके कारण कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए, इस स्थिति को अत्यन्त खेदजनक बताया गया है। प्रविष्टियों के समयान्तर्गत पूर्ण न होने के कारण मुख्यालय को डी0पी0सी0 एवं ए0सी0पी0 सम्बन्धी प्रकरणों में शासन के समक्ष बार-बार अप्रिय स्थिति का सामना भी करना पड़ता है।

चूँकि शीघ्र ही वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु प्रविष्टियों को अपलोड करने तथा उन्हें पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में प्रक्रिया प्रारम्भ होनी सम्भवित है, तदक्रम में यह अतिआवश्यक है कि आप द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 से सम्बन्धित अपना वार्षिक कार्यविवरण सुपष्ट ऑनलाइन अपलोड करने के साथ-साथ अपने अधीनस्थ अधिकारियों को भी प्रविष्टि प्रदान करना **दिनांक** 30-03-2022 तक प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। **उक्त निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त भी यदि किसी अधिकारी द्वारा अपना कार्यविवरण अपलोड नहीं किया जाता है तथा अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रविष्टि प्रदान नहीं की जाती है तो, उनके**

विरुद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जायेगा।

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने / वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 हेतु कार्यविवरण अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल खोले जाने के सम्बन्ध में।

2- अपर निदेशक (प्रशिक्षण संस्थान) गोमती नगर, लखनऊ।

08/03/22

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0 राज0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।

3855